राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क. /1234/ प्रवेश / रा.मा.तो.वि.वि. / ग्वा. / 2024 दिनांक 28/08/2024

प्रति, (अंतिम अवसर)

समस्त प्राचार्य
सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय
मध्यप्रदेश

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष
रा.मा.तो. संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर

विषयः— सत्र 2024—25 में नवीन प्रवेश हेतु एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से पंजीयन लिंक खुलने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय संगीत एवं कला महाविद्यालयों में स्कूल स्तर, स्नातक एवं स्नातकोत्तर के समस्त पाठ्यक्रमों मे सत्र 2024—25 के नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु पंजीयन लिंक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से **पुनः अंतिम अवसर के साथ दिनांक 29.08.2024 से 09.09.2024 तक खोली जा रही है।** उक्त तिथियों के उपरान्त किसी भी प्रकार के आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। इसके उपरान्त सत्र 2024—25 के ऑनलाईन नामांकन आवेदन की प्रकिया दिनांक 13.09.2024 से प्रारम्भ कर दी जावेगी। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.rmtmusicandartsuniversity.com पर विजिट करें।

नोटः— 1. ऑनलाईन पंजीयन उपरांत विद्यार्थी आवश्यक प्रपत्रों के साथ पंजीयन फार्म विश्वविद्यालय अध्ययनशाला / संबधित महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवेश हेतु साक्षात्कार के समय प्रत्येक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों का प्रवेश, विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश अधिसूचना में दी गई अर्हता पूर्ण करने के उपरांत ही सुनिश्चित करें।

3. सत्र 2024—25 में निर्धारित अर्हताऐं पूर्ण न किए जाने पर विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबधित विभागाध्यक्ष / प्राचार्य की होगी।

4. बी. डिजाईन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त संस्था / बोर्ड से 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही पात्र होगे। 12वीं कक्षा के समतुल्य अन्य कोई भी प्रमाण—पत्र मान्य नही होगा।

5. एम.ए. नियमित कोर्स में जिन विद्यार्थियों के द्वारा प्रवेश परीक्षा का चयन किया गया है उक्त समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के लिए दिनांक 12.09.2024 गुरूवार को प्रात 10:30 बजे विश्वविद्यालय के परिसर में प्रवेश परीक्षा हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

संलग्न :— प्रवेश अधिसूचना

निरंतर.........

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.) 0751—4000864
E-mail id:-rmt.admissioncell@gmail.com

राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

नोटः– सत्र 2023–24 की अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम घोषित नही हुआ है एवं किसी भी अन्य उच्चतर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते है, वे विद्यार्थी उक्त दिनांको में ही अपना पंजीयन करना सुनिश्चित करें। पंजीयन तिथियों में किसी भी प्रकार की वृद्धि/परिवर्तन नही किया जावेगा।

डॉ. गौरीप्रिया एस.
प्रवेश शाखा प्रभारी

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय जी की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय जी की ओर सूचनार्थ।
3. परीक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
4. पी.आर.ओ. रा.मा.तो.संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
5. एम.पी.ऑनलाईन की ओर सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।
7. सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

डॉ. गौरीप्रिया एस.
प्रवेश शाखा प्रभारी

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.) 0751–4000864
E-mail id:-rmt.admissioncell@gmail.com

# राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्थापित अधिनियम क्रं.–3 सन् 2009 के अनुसार यू.जी.सी. एक्ट 1956 के
सेक्शन 22 के अधीन मान्यता प्राप्त तथा
यू.जी.सी. द्वारा 12बी के तहत मान्यता प्राप्त वि.वि.
(कार्य क्षेत्रः– संपूर्ण मध्य प्रदेश)

## प्रवेश सूचना–2024–2025

विश्वविद्यालय की अध्ययनशाला एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

*विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम*

1. संगीत संकाय -- बी.पी.ए. एवं एम.पी.ए. (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / तबला),
   -- बी.ए.(NEP) एवं एम.ए. (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / तबला)
2. नृत्य संकाय – बी.पी.ए. एवं एम.पी.ए. (कत्थक / भरतनाट्यम), बी.ए.(NEP)एवं एम.ए. (कत्थक / भरतनाट्यम)
3. नाट्य एवं रंगमंच संकाय -- बी.पी.ए. एवं एम.पी.ए. (नाट्य एवं रंगमंच)
4. ललितकला संकाय -- बी.एफ.ए. (चित्रकला / मूर्तिकला / व्यवहारिक कला / एनीमेशन)
   -- एम.एफ.ए.(चित्रकला / मूर्तिकला / व्यवहारिक कला)
   -- बी.ए.(NEP)(ड्राइग एण्ड पेन्टिंग)
   -- एम.ए. (ड्राइग एण्ड पेन्टिंग, व्यवहारिक कला)
   – बी.डिजाइन (फैशन, इंटीरियर, गेम डिजाईन, एनीमेशन –स्ववित्तीय पाठ्यक्रम)

**विश्वविद्यालय अध्ययन शाला एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित सर्टिफिकेट / डिप्लोमा स्तर पाठ्यक्रम**

1. संगीत संकाय – एक वर्षीय सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / हार्मोनियम / तबला)
   – डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / हार्मोनियम / तबला)
   – एडवांस डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / हार्मोनियम / तबला)
2. नृत्य संकाय – एक वर्षीय सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट (कत्थक / भरतनाट्यम)
   – डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (कत्थक / भरतनाट्यम)
   -- एडवांस डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (कत्थक / भरतनाट्यम)
3. नाट्य एवं रंगमंच संकाय -- एक वर्षीय सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट (नाट्य एवं रंगमंच)
   -- दो वर्षीय डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (नाट्य एवं रंगमंच)
   -- एडवांस डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (नाट्य एवं रंगमंच)
4. ललितकला संकाय -- एक वर्षीय सर्टिफिकेट इन फाईन आर्ट (चित्रकला / मूर्तिकला / व्यवहारिक कला / फैशन / इंटीरियर / एनीमेशन / गेम / फोटोग्राफी / टेक्सटाईल)
   -- डिप्लोमा इन फाईन आर्ट (चित्रकला / मूर्तिकला / व्यवहारिक कला / फैशन )
   – एडवांस डिप्लामा इन फाईन आर्ट (चित्रकला / मूर्तिकला / व्यवहारिक कला / फैशन)

**विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्कूल स्तरीय पाठ्यक्रम**

1. **संगीत संकाय** – प्रवेशिका सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, मध्यमा डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स , विद् डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, कला रत्न डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / हार्मोनियम / तबला)
   संगीतिका जूनियर / सीनियर डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स (सुगम संगीत)

2. **नृत्य संकाय** – प्रवेशिका सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, मध्यमा डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, विद् डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, कला रत्न डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स (कत्थक / भरतनाट्यम) संगीतिका जूनियर / सीनियर डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स (लोक नृत्य)

3. **नाट्य एवं रंगमंच संकाय** – जूनियर सर्टिफिकेट इन नाट्य एवं रंगमंच
   – एडवांस डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट, दो वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा (नाट्य एवं रंगमंच)

4. **ललित कला संकाय** -- जूनियर सर्टिफिकेट इन चित्रकला ,जूनियर डिप्लोमा इन चित्रकला

डॉ. गौरीप्रिया एस.
प्रवेश शाखा प्रभारी

## प्रवेश हेतु अर्हता एवं योग्यता

1. प्रवेशिका सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट्स– कक्षा चार (4) उत्तीर्ण
2. मध्यमा डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स –कक्षा छः (6) उत्तीर्ण + प्रवेशिका सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** कक्षा छः (6) उत्तीर्ण + संबंधित विषय में दो वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।
3. विद् डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स – कक्षा सात (7) उत्तीर्ण + मध्यमा इन परफॉर्मिंग आर्ट फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** कक्षा सात (7) उत्तीर्ण + संबंधित विषय में चार वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।
4. कला रत्न डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स –कक्षा 12 वी उत्तीर्ण + विद् डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट **अथवा** कक्षा 12 वी पास संबंधित विषय में छः (6) वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।
5. संगीतिका जूनियर डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स –10 वी परीक्षा उत्तीर्ण।
6. संगीतिका सीनियर डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स – संगीतिका जूनियर डिप्लोमा उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण।
7. जूनियर सर्टिफिकेट इन नाट्य एवं रंगमंच – आठवी कक्षा उत्तीर्ण।
8. जूनियर सर्टिफिकेट इन चित्रकला –पांचवी कक्षा उत्तीर्ण।
9. जूनियर डिप्लोमा इन चित्रकला– सातवी कक्षा उत्तीर्ण + जूनियर सर्टिफिकेट इन पेन्टिग परीक्षा उत्तीर्ण।
10. स्नातक (बी.ए.(NEP) / बी.पी.ए. / बी.एफ.ए. / बी.डिजाइन – कक्षा 12वी परीक्षा उत्तीर्ण।
11. स्नातकोत्तर (एम.ए) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / तबला / कत्थक / भरतनाट्यम – संबंधित विषय मे बी.ए **अथवा** किसी भी विषय में स्नातक + छः (6) वर्षीय डिप्लोमा **अथवा** किसी भी विषय में स्नातंक + संबंधित विषय में एडवांस डिप्लोमा **अथवा** संबंधित विषय के अतिरिक्त अन्य किसी भी विषय में स्नातक + विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित Entrance Exam Test उत्तीर्ण।
12. स्नातकोत्तर (एम.ए )ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग –संबंधित विषय में स्नातक **अथवा** किसी भी विषय में स्नातक + चार / पॉच वर्षीय सर्टिफिकेट / डिप्लोमा **अथवा** किसी भी विषय में स्नातक + संबंधित विषय में एडंवास डिप्लोमा। **अथवा** संबंधित विषय के अतिरिक्त अन्य किसी भी विषय में स्नातक + विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित Entrance Exam Test उत्तीर्ण।
13. स्नातकोत्तर (एम.ए) व्यवहारिक कला – संबंधित विषय में बी.ए **अथवा** किसी भी विषय में स्नातक + संबंधित विषय में एडवांस डिप्लोमा **अथवा** किसी भी विषय में स्नातक + संबंधित विषय में चार / पॉच वर्षीय डिप्लोमा **अथवा** संबंधित विषय के अतिरिक्त अन्य किसी भी विषय में स्नातक + विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित Entrance Exam Test उत्तीर्ण।
14. स्नातकोत्तर (एम.पी.ए) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन / सितार / वायलिन / तबला / कत्थक / भरतनाट्यम –संबंधित विषय में बी.पी.ए. परीक्षा उत्तीर्ण।
15. स्नातकोत्तर (एम.पी.ए) नाट्य एवं रंगमंच– संबंधित विषय में बी.पी.ए **अथवा** किसी विषय में स्नातक + संबंधित विषय में एडवांस डिप्लोमा **अथवा** किसी भी विषय में स्नातक + तीन वर्षीय पूर्णकालिक रंगमंच का अनुभव जिसमें सर्टिफिकेट, ब्रोशर,न्यूज पेपर कटिंग,एवं दो प्रख्यात निर्देशको के 'सन्दर्भ पत्र' प्रदान करने हैं।
16. स्नातकोत्तर (एम.एफ.ए) –संबंधित विषय में बी.एफ.ए.।
17. एक वर्ष सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग आर्ट्स / फाइन आर्ट्स –कक्षा 12वी उत्तीर्ण।
18. डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स / फाइन आर्ट्स – कक्षा 12वी + एक वर्ष सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिंग / फाइन आर्ट।
19. एडवांस डिप्लोमा इन परफॉर्मिग आर्टस / फाईन आर्टस– कक्षा 12 वी उत्तीर्ण + सर्टिफिकेट इन परफॉर्मिग / फाईन आर्टस + डिप्लोमा इन परफॉर्मिग आर्टस अथवा किसी भी विषय में स्नातक + संबंधित विषय में चार वर्षीय डिप्लोमा।

**विश्वविद्यालय की अध्ययन शाला में प्रवेश एवं आरक्षण** :– प्रवेश हेतु आवेदन एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक 29.08.2024 से दिनांक 09.09. 2024 तक किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय अध्ययन शाला हेतु प्रवेश पंजीयन शुल्क राशि रू. 600/– एवं सम्बद्ध महाविद्यालय हेतु पंजीयन शुल्क राशि रू 200/– है, जो वापस देय नही होगा। पंजीयन उपरांत अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं संबंधित महाविद्यालयों से संपर्क करें। साक्षात्कार के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा। साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जावेगी। आरक्षण मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार, प्रवेश–मेरिटइन्डेक्स (प्रवेश सूचकांक) के आधार पर रहेगा।

एन.आर.आई तथा विदेशी कोटा :–सभी पाठ्यक्रमों में 3 प्रतिशत प्रवेश आरक्षित रहेगा।

**सम्पर्क विवरण** :–


वेबसाइट:- **www.rmtmusicandartsuniversity.com**

ई.मेल : - **rmt.admissioncell@gmail.com**

**प्रवेश विभाग** :– 0751–4000864, कुलसचिव कार्यालय :– 0751–4000822

पता :- राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, "स्वरांग परिसर" नीडम रोड, नाका चंद्रवदनी चौराहा, ग्वालियर (म.प्र.–474002)


नोटः :–
1. स्नातक स्तर के समस्त पाठ्यक्रम वार्षिक परीक्षा पद्धति द्वारा संचालित होंगे। बी.पी.ए., बी.एफ.ए., बी. डिजाइन 4 वर्षीय एवं एम.पी.ए.,एम.ए,एम.एफ.ए. 4 सेमेस्टर नियमित (2 वर्षीय) पाठ्यक्रम होगा। जिस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पाँच से कम होगी, उस पाठ्यक्रम का अध्यापन कराने के लिये विश्वविद्यालय बाध्य नहीं होगा एवं इस स्थिति में उक्त विद्यार्थी का स्थानांतरण अन्य पाठ्यक्रमों में कराया जा सकेगा।
2. प्रवेश पंजीयन फार्म मे किसी भी प्रकार का परिवर्तन 500/– (पांच सौ रूपये मात्र) शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि तक ही किया जा सकेगा।
3. प्रवेश एवं प्रवेश से संबंधित सूचनाओ के लिये अभ्यार्थी नियमित रूप से वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।
4. निर्धारित समय सीमा में अर्हताएँ पूर्ण न करने पर प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।

डॉ.गौरीप्रिया.एस.
प्रवेश शाखा प्रभारी